हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025


14 कोडार में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण से दूर होगी पानी ...



14 टॉपर बेटियों से भेंट करने पहुंची विधायक चातुरी ...






## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी**, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

**इच्छुक छात्र आवेदन करें**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

**6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी**



Advt.


## खबर संक्षेप

### पटाखा फोड़ने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम डूमरपाली में रात में पटाखा फोड़ने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पिथौरा पुलिस ने बताया कि डूमरपाली के डोंगरसिंह यादव ने 14 मई की रात करीब 9 बजे गांव के रितिक यादव को पटाखा फोड़ने से मना किया, तब आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# फिल्मी स्टाईल में पीछा कर इमारती लकड़ी से भरे वाहन को पकड़ा

## बसना वन परिक्षेत्र का मामला, तेज रफ्तार पिकअप जब्त, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध रुप से इमारती लकड़ी का परिवहन कर रहे वाहन को वन विभाग कर्मियों ने धर दबोचा।



दरअसल, यह पूरा मामला जिले के बसना वन परिक्षेत्र है।

बुधवार को विभाग कर्मियों ने संदेहास्पद स्थिति में तेज रफ्तार से भाग रहे एक पिकअप वाहन की सूचना पर वाहन का पीछा कर उसे कुदारीबाहरा के पास लोहरसिंह-गढ़फुलझर मार्ग पर ओवरटेक कर रोक लिया।

मिली जानकारी अनुसार पिकअप चालक, वाहन को तेज रफ्तार से भगाकर मौके से फरार हो गया। हालांकि, वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 26 नग कीमती इमारती लकड़ी पाई गई, जिसकी कुल माप 1.330 घनमीटर बताई जा रही है।

### कार्रवाई में जुटी रही ये टीम

इस सफलता के पीछे वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला के नेतृत्व में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बैजनाथ बारीक, देवानंद सोनी, टिकेश्वर साव, कुंदनलाल पटेल तथा वन सुरक्षा श्रमिकों की अहम भूमिका रही। विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बार फिर यह साबित हो गया कि अवैध वनोपज तस्करी को लेकर वन विभाग पूरी तरह सजग है और ऐसे कार्यों पर कठोर नियंत्रण के लिए प्रतिबद्ध है।



### राजसात की कार्रवाई

वन विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार जब्त की गई लकड़ियों के संबंध में छत्तीसगढ़ वन अधिनियम के तहत राजसात कि कार्रवाई की जा रही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला ने बताया कि वाहन मालिक, चालक एवं वनोपज मालिक की पहचान के लिए गहन पतासाजी की जा रही है।

## विरोध : कर्नल सोफिया के खिलाफ मप्र के मंत्री की टिप्पणी का मामला

# कांग्रेसियों ने फूंका मंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्य प्रदेश शासन के मंत्री एवं भाजपा के नेता विजय शाह के द्वारा भारतीय सेना के खिलाफ की गई टिप्पणी को कांग्रेसियों ने शर्मनाक व अपमानजनक बताया। इसके विरोध में गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर महासमुंद जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के समक्ष नेहरू चौक में भाजपा के मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया गया।

कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा पार्टी के नेता हमेशा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे देते हैं एवं बेटियों के खिलाफ शर्मनाक टिप्पणी करते हैं एवं बेटियों के अस्मिता से खेलने का कार्य करते हैं आज जब सारा राष्ट्र कर्नल सोफिया कुरैशी के हौसलों का गुणगान कर रहा है तब भाजपा के नेता उसे जातिवाद के कीचड़ में घसीट कर शर्मनाक तरीके से अपमान करने में लगे हैं भाजपा एवं उसके मंत्री प्रायः महिलाओं के अपमान करने का ही कार्य करते हैं समर्थन में आज तक बात नहीं की है इस कारण भाजपा के नेताओं के बोल हमेशा महिला विरोधी ही रहता है भारतीय जनता पार्टी बोलते कुछ है और उसके मन में रहता कुछ है जिसका उदाहरण कभी-कभी उनके नेताओं के बड़बोले पन से उजागर हो जाता है विजय शाह के द्वारा सेना के खिलाफ बयान देने के बावजूद भाजपा शासन में उनके खिलाफ रिपोर्ट नहीं की गई और ना ही कोई कार्रवाई की गई यह दर्शाता है की रस सब भाजपा महिला विरोधी पार्टी है आज जब सारा विश्व भारत के महान सेना का गुणगान कर रहा है तब भाजपा के नेता सेना के एक महिला कर्नल के खिलाफ भाषण बाजी कर रहे हैं ऐसे मतिभ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कोर्ट को स्वयं संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए विजय शाह जैसे नेता के खिलाफ आज छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी सभी जिलों में पुतला दहन किया एवं सेना के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के विरोध में आवाज बुलंद किया।



### कर्नल सोफिया के खिलाफ भाजपा के मंत्री की टिप्पणी को बताया अपमानजनक

खल्लारी विधानसभा के सक्रिय कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने मध्य प्रदेश के भाजपाई मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया के खिलाफ की गई टिप्पणी को आपत्तिजनक और विवादास्पद बताता है। मंत्री ने कथित तौर पर कुरैशी को "आतंकवादियों की बहन" कहा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी व्यंग्य किया। इस पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने इस टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया। अंकित ने कोमाखान थाना में इसकी निंदा करते हुए ज्ञापन सौंप कर मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इस दौरान वाजिद खान, तूफान दीवान,कोमल साहू, जितेंद्र क्षत्री, पुनारद ठाकुर, खेमराज जैन, अब्दुल गफ्फार खान, शिवशंकर साहू, हरीश साहू आदि उपस्थित रहे।



### इनकी रही मौजूदगी

पुतला दहन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विधायक प्रत्याशी डॉक्टर रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन वा अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, लक्ष्मी देवांगन सदस्य छत्तीसगढ़ शासन, पार्षद सूरज नायक, प्रदीप चंद्राकर, गुरमीत चावला, नितेंद्र बैनर्जी, सोनम रामटेक, ममता चंद्राकर, मिंदर चावला, प्रकाश अजमानी, तबरेज खान, बबलू महानंद, मेहुल सूचक, मनोहर ठाकुर, बसंत चंद्राकर, सन्नी महानंद, आरिफ बेग, नुकेश महंत, आकाश निषाद, गोपीचंद तारक, अनुराग चंद्राकर, दुष्यंत होता, पिंटू सोनी, भानु सोनी एवं अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# चोरी के चार मामलों में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के थाना पटेवा, खल्लारी, महासमुंद व चौकी भंवरपुर क्षेत्र में चोरी व चोरी के प्रयास के मामलों में 5 नाबालिगों के खिलाफ कार्रवाई की गई और 3 आरोपी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजे गए हैं। आरोपियों के कब्जे से 02 नग मोबाईल, स्विफ्ट कार, नगदी रकम 19,765 रुपे, पान मसाला सामग्री आदि कुल कीमत 7,09,865 रुपए को जब्त किया गया है।

पुलिस ने बताया कि थाना पटेवा क्षेत्र में 12 मई को प्रार्थी रवि कुमार साहू पिता भीमकुमार साहू (38 वर्ष) ग्राम टुरीझर थाना तेंदूकोना रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि प्रार्थी पतईमाता अस्पताल जोगीडीपा पटेवा में अपने पिताजी का ईलाज करवा रहा था, जहां आईसीयू में उनके पिताजी का ईलाज चल रहा था। जहां से उसका एप्पल कंपनी और एक सैमसंग कंपनी का मोबाईल चोरी हो गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी आयुष डागा पिता अनिल डागा (26 वर्ष) निवासी शुभलाभ पेपर मिल सोनडोंगरी रोड हीरापुर चौक रायपुरको पकड़ कर पूछताछ किया। प्रार्थी भीमकुमार साहू का पतईमाता अस्पताल जोगीडीपा पटेवा से मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एप्पल कंपनी का मोबाइल कीमत 80000 रुपए, सैमसंग कंपनी का मोबाइल कीमती 110000 रुपए तथा घटना में प्रयुक्तग स्वीइफ्ट डिजायर कार को जब्त कर आरोपी को धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।





दूसरे मामले में चौकी भंवरपुर क्षेत्र में 21 नवंबर 2024 के रात्रि 2 बजे प्रार्थिया रत्ना बाई चौधरी पति खेमराज चौधरी बेलटिकरी के घर चोरी के प्रयास और प्रार्थिया के पति व बेटी पर हमला करने के मामले में आरोपी उत्तम उर्फ गोदरो पिता मेहतर बरिहा (40 वर्ष) बेलटिकरी को गिरफ्तार कर धारा 331(4), 333 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

वहीं तीसरे मामले में थाना खल्लारी क्षेत्र में प्रार्थिया दशोदा बाई कमार पति लाल जी कमार (60 वर्ष) ग्राम सोरम के भतीजे को घर में रखी पेटी से 30 हजार रुपए चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। प्रार्थिया ने रिपोर्ट लिखाई थी कि आरोपी ग्राम कर्पीदादर थाना छुरा जिला गरियाबंद का रहने वाला है जो विगत 3 दिनों से उसके घर में रह रहा था 7 मई को जब वह काम से वापस आयी। तब घर कमरे में रखे पेटी का ताला टूटा पाया और उसमें से नगदी रकम 30000 रुपए को हरीश कुमार पिता स्व समुंदराम कमार (26 वर्ष) लेकर भाग गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 12000 रुपए को जब्त किया गया। शेष रकम को आरोपी ने खाने पीने में खर्च कर देना बताया। आरोपी के विरुद्ध थाना खल्लारी में अपराध धारा 305(ए) बीएनएस के तहत कार्रवाई की।

चोरी के चौथे मामले में प्रार्थी अब्दुल रज्जाक के ठेले से चोरी करने वाले 5 नाबालिग आरोपियों से नगदी रकम 7,765 रुपए तथा 100 रुपए का गुटका सामान कुल रकम 7,865 रुपए जब्त किया गया। मामले में धारा 334(1) बीएनएस का प्रकरण कायम कर विधिसम्मत कार्रवाई कर नाबालिगों को बाल गृह सुधार केंद्र महासमुंद भेजा गया।

## महासमुंद जिले में खरीफ फसल के लिए धान बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**महासमुंद।** जिले के बीज प्रक्रिया केन्द्रों में इस खरीफ मौसम के लिए धान की 10 वर्ष के अंदर की किस्मों के बीज उपलब्ध हैं। जिले में कुल 4508.10 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जिसमें एमटीयू-1318-1731.20 क्विंटल, एमटीयू-1156-317.60 क्विंटल, सीजी धान-1919-546.00 क्विंटल, सीजी देवभोग-1853.40 क्विंटल, दूबराज एसईएल-1-21.90 क्विंटल एवं विक्रम टीसीआर-38.00 क्विंटल उपलब्ध है। जिससे लगभग 7514 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल की बुआई संभव होगी। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि वे आवश्यकतानुसार बीज प्राप्त करने के लिए संबंधित बीज प्रक्रिया केंद्रों या सहकारी समितियों से संपर्क करें। यदि किसी विशेष किस्म का बीज उपलब्ध नहीं होता है, तो समिति प्रबंधक के पास मांग दर्ज कराकर शीघ्र भंडारण सुनिश्चित किया जा सकता है। वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने जिले में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कुल 1024.00 हेक्टेयर क्षेत्र में वैकल्पिक फसलें उगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# अवैध शराब के खिलाफ अभियान छेड़ने पर सरपंच पति पर जानलेवा हमला

**सरायपाली।** सरायपाली विकासखंड के जलगढ़ में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सरपंच व सरपंच संघ अध्यक्ष रेखा साहू के पति लिंगराज साहू द्वारा पिछले कुछ दिनों से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने व गांव में अवैध शराब निर्माण, विक्रय व भंडारण के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा था जिसके चलते वे शराब माफियाओं व विक्रेताओं के नजर में चढ़ गए थे। अपना व्यवसाय प्रभावित होते देख कई बार जलगड़ का शराब माफिया दीपक भोई द्वारा जान से मारे जाने की धमकी भी दी गई । किंतु इसके बावजूद उन्होंने ग्राम हित को ध्यान में रखते हुवे यह अभियान निरंतर चालू रखा। जिसके परिणाम स्वरूप बीती रात कुछ अज्ञात हमलावरों ने चाकू व तलवार से उन पर हमला भोतलडीह के पास हमला कर दिया व भाग गए। फोन से गांव में सूचना दिए जाने के बाद गंभीर अवस्था मे उसे लाया गया। वहीं सरपंच प्रतिनिधि से मारपीट की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता धनेश नायक की अगुवाई में ग्रामीण व अनेक सरपंच सरायपाली थाना पहुँचे। और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। लिंगराज की शिकायत पर पुलिस ने दीपक व अन्य के खिलाफ धारा 126 (2), 296, 115(2), 351(2), 309(4), 3(5) के तहत अपराध कायम कर दीपक भोई को गिरफ्तार किया है एवं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।टीआई शशांक पौराणिक के समझाइश व आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। इस संबंध में पीड़ित लिंगराज साहू ने जानकारी देते हुवे बताया कि सरायपाली से कार्य समाप्त कर रात्रि 8 बजे घर वापस जा रहे थे कि अचानक कुछ लोग चाकू व तलवार से उस पर प्राणघातक हमला कर दिए वह बुरी तरह से लहूलुहान होकर वही गिर पड़ा। गांव में जब इसकी जानकारी मिली तो उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां सिर व पीठ में गंभीर चोट आई है।


ग्राम जलगढ़ व नानकपाली के साथ ही आसपास के ग्रामो में वे नशामुक्ति व अवैध शराब विक्रय के खिलाफ मुहिम चला रहे थे। जिसके चलते ग्राम का ही एक शराब माफिया दीपक भोई जो पिछले कई। वर्षों वर्षों से थोक में शराब लाकर विभिन्न ग्रामों में बेचता है। इसकी 8-10 शिकायतें भी आ चुकी है। वह सरायपाली से गुंडों को भी बुलाकर धौंस जमाता है। ज्ञात हो की सरायपाली नगर में ही होटलों, पान दुकानों व छोटे छोटे दुकानों में हमेशा शराब उपलब्ध हो जाता है नगर व क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री जोरशोर से आज भी हो हो रही है किंतु आबकारी व अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही के अभाव में इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है ।

# गोवंशों की खालों को पेड़ पर लटकाकर सुखाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर के वार्ड क्रमांक 1 से एक अत्यंत पीड़ादायक घटना सामने आई है, जिसने स्थानीय नागरिकों को व्यथित किया है, बल्कि पूरे हिंदू समाज में गहरा आक्रोश उत्पन्न कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने सात गोवंशों की नृशंस हत्या कर उनकी खालों को पेड़ों पर सुखाने के लिए लटका दिया। यह कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि धार्मिक आस्थाओं के साथ किया गया गंभीर और घोर अपमान भी है। हिंदू धर्म में गौमाता को माता का दर्जा प्राप्त है और करोड़ों लोगों की आस्था उनसे जुड़ी है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं केवल आपराधिक ही नहीं, बल्कि सामूहिक धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाने वाली होती हैं। घटना की सूचना फैलते ही क्षेत्र में रोष की लहर दौड़ गई और नागरिकों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए कड़ी सजा देने की अपील की है।

इस संबंध में गौ रक्षा टीम के सदस्य मयंक शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि गोवंशों के साथ इस प्रकार की बर्बरता बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, साथ ही गौ संरक्षण हेतु एक मजबूत निगरानी तंत्र विकसित किया जाए।



मयंक शर्मा ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि हिंदू समाज जागरूक और संगठित होकर अपनी संस्कृति, परंपरा और गोमाताओं की रक्षा के लिए आवाज़ उठाए। उन्होंने गौहत्या को केवल धार्मिक अपराध ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा पर आघात बताया। स

थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों की गिरफ्तारी में देरी हुई या मामले को अनदेखा किया गया, तो वे शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन और आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि गोवंश संरक्षण को लेकर ठोस और सख्त पहल की नितांत आवश्यकता है।

# केंद्रीय मंत्री पहुंचे पालिका, विकास कार्यों के लिए 50 करोड़ की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार के आवास और शहरी विकास केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के बागबाहरा प्रवास के दौरान स्थानीय नगर पालिका में भव्य स्वागत किया गया। मंत्री के साथ पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू सहित भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत हुआ। नगर पालिका के हाल में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे, नगर पालिका कर्मचारी स्टॉफ एवं भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया।



केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। भाजपा पार्टी ने चुनावी घोषणा पत्र में जो वायदा किया वो पूरा कर रही है। छग प्रदेश में मेरा निवास होने कारण मेरी जवाबदारी ज्यादा बढ़ गई है कि प्रदेश का ज्यादा विकास हो। नगर पालिका चुनाव के सभी वादे पूर्ण होंगे। शहर में आवास योजना 2 के अन्तर्गत अब पहले से राशि हितग्राहियों को ज्यादा दी जा रही है। मंचीय कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता हनीष बग्गा एवं आभार नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पार्षदगण- पवन पटेल, शुभ्रा शर्मा, भाऊराम साहू, सुनैना पप्पू ठाकुर, माधुरी यदु, चंद्रशेखर बेलदार, जरीना हफीज कुरैशी, सीता डोंडेकर, राहुल आवड़े, जितेंद्र ध्रुव, जय देवांगन, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, सूरज नायक, बड़े मुन्ना देवार, नपा विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, भाजपा शहर महामंत्री द्वय श्रीमति मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, गोविंद ठाकुर, मोहन साहू, पवन साहू, जितेंद्र साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, सुधा साहू, मधु यादव, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, उषा पाल, आकाश पांडेय, जग्गू छुरा, शुभम पांडेय, पलास यादव, पुष्पा चंद्राकर, रेखा बेहरा, मैना कोसले, रोशन बग्गा, राधेश्याम साहू, पार्वती साहू, धनीराम यदु, संजय यादव, गौरव राठी एवं भाजपा कार्यकर्ता थे।

### राठी ने शहर विकास के लिए मांगे 50 करोड़

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने पुनः शहर विकास के लिए लगभग 50 करोड़ राशि का मांग पत्र सौंपा। विकास कार्यों में मृत नहर नाली पिटियाझर से मौहारीभाठा तक, खैरा में नवीन बस स्टैण्ड, ओवरब्रिज के नीचे व्यवसायिक कांप्लेक्स निर्माण, शहर के सभी तालाबों का सौंदर्यीकरण, पचरी निर्माण, संजय कानन का सौंदर्यीकरण जैसी महती मांग की गई। मंत्री ने कहा कि सभी विकास के कार्य के लिए छग राज्य के माध्यम से कार्य कराया जाएगा।

# नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की ली बैठक

## प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कानूनों का पालन करना : कलेक्टर लंगेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तीन नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महत्वपूर्ण संशोधनों और नागरिकों के अधिकारों से संबंधित नए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि वर्ष 2024 से प्रभाव में आए ये नए कानून भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान ले चुके हैं। उनके अनुसार, "इन कानूनों का सफल क्रियान्वयन जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रारंभ में चुनौतियां आ सकती हैं, किंतु निरंतर अभ्यास और प्रशिक्षण के माध्यम से हम इनका सहज उपयोग सुनिश्चित करेंगे।" साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि अब आपराधिक मामलों में चालान 60 से 90 दिनों के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि इन कानूनों का समयबद्ध, पारदर्शिता के साथ पालन किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को नए कानून के संबंध में सतत अध्ययन के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिला चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस विभाग को समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि जांच प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो।



पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नये कानून के अंतर्गत पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भी समय का निर्धारण किया गया है।

उन्होंने बताया कि अर्थदण्ड में परिवर्तन करते हुए वृद्धि की गई है, जो कि प्रासंगिक एवं सामयिक है। इसके साथ ही अपराधियों के लिए सामाजिक सेवा की बात की गई है। नए टेक्नोलाजी को अपनाने से कार्य सुगम होंगे तथा अपराधियों को समय पर दण्ड मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिंक टीम एवं साक्ष्य से संबंधित प्रावधान महत्वपूर्ण है। बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ आरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। बार-बार अपराध करने वालों पर अधिक दंड का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीओपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर आज कार्यक्रम

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी जिला महासमुंद के द्वारा पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर जिला कार्यशाला का आयोजन 16 मई शुक्रवार दोपहर 12 बजे स्थानीय टाऊन हाल कचहरी चैक में किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने सभी भाजपा प्रदेश जिला स्थानीय पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, पार्षदगण, मोर्चा प्रकोष्ठों से उक्त कार्यशाला में उपस्थित होने की अपील की है।

### एक राष्ट्र, एक चुनाव पर गोष्ठी आज

**महासमुंद।** चैंबर ऑफ कामर्स जिला महासमुन्द के द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव पर गोष्ठी का आयोजन 16 मई शुक्रवार दोपहर 3.30 बजे स्थानीय टाऊन हाल कचहरी चौक में किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए चैंबर ऑफ कामर्स के वरिष्ठ सदस्य बसंत लूनिया ने चैंबर के समस्त व्यापारी समुदाय, प्रबुद्ध नागरिक गण, समाजसेवी संस्था प्रमुखों से अपील करते हुये उक्त कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है।

### राज्य सूचना आयुक्त चयन हेतु साक्षात्कार में डॉ. अशोक होंगे शामिल

**महासमुंद।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के जिला संघटक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी दिनांक 28 मई को आयोजित राज्य सूचना आयुक्त चयन हेतु साक्षात्कार में सम्मिलित होंगे। यह साक्षात्कार पिंगुवा समिति द्वारा न्यू सर्किट हाउस, नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित किया जाएगा। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं संसद प्रतिनिधि नारेंद्र गिरि सांसद प्रतिनिधि ने डॉ. गोस्वामी की सक्रिय समाजसेवी भूमिका और निष्पक्ष सेवाभाव को देखते हुए उनकी सहभागिता जिले के लिए गर्व की बात शुभकामनाएं सहित कहा है।

**चौपाल :** भंवरपुर में विधायक जन चौपाल का शुभारंभ

# समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामीणों ने विधायक से गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली(ग्रामीण)

सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने भंवरपुर में विधायक जन चौपाल का शुभारंभ किया। इस मौके पर क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों ने विधायक चातुरी नंद से बिजली, पानी सहित कई समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामीणों ने विधायक चातुरी नंद से गुहार लगाई। ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक चातुरी नंद ने पेयजल, बिजली सहित अन्य समस्याओं के लिए निराकरण हेतु मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया।

विधायक जन चौपाल में ग्राम भंवरपुर के वार्ड नंबर 8 निवासी गौतम भोई और अन्य लोगों ने पेयजल समस्या से विधायक चातुरी नंद की अवगत कराया। उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु उन्होंने तुरंत पी एच ई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह भंवरपुर के सरिता श्रीवास ने महतारी वंदन का लाभ नहीं मिलने की शिकायत विधायक चातुरी नंद से की जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को महतारी वंदन का लाभ दिलाने के लिए निर्देश प्रदान किया। विधायक चातुरी नंद से ग्राम भंवरपुर के संत कुमार पटेल और अन्य ग्रामीणों ने तहसीलदार के भ्रष्टाचार और अनियमितता की भी शिकायत की जिस पर विधायक नंद ने उच्चाधिकारियों को इसकी जांच कर कार्रवाई करने निर्देशित किया। इसी तरह गंगा नायक, डोलामणि पटेल, समेलाल भोई सहित अन्य ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भंवरपुर के सरपंच कृष्णा कुमार सिदार वरिष्ठ कार्यकर्ता लोकनाथ पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रवण पटेल विधायक प्रतिनिधि रमेश पटेल, विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, सत्या भोई, लीलाकांत पटेल, विक्की वैष्णव, ढोला पटेल, रुपेश वैष्णव, ठंडाराम पटेल, पूरन पटेल, समय लाल भोई सहित कृषि विभाग, बिजली विभाग, पुलिस और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



**विधायक चातुरी नंद ने पेयजल, बिजली सहित अन्य समस्याओं के लिए त्वरित निराकरण हेतु मौके पर ही अधिकारियों को किया निर्देशित**

# मैं ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध: विधायक यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

**पांडेपाली में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का भव्य लोकार्पण समारोह**



खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पांडेपाली में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव उपस्थित रहे। जिनके कर कमलों से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात सामुदायिक भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से की गई, जिसमें समस्त ग्रामवासी श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। पूजा उपरांत मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसे विधायक श्री यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संबोधन दिया।

विधायक द्वारकाधीश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि, यह सामुदायिक भवन ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग रही है, जो अब पूरी हुई है। यह भवन न केवल सामाजिक आयोजनों का केंद्र बनेगा, बल्कि ग्रामीण एकता और सहयोग का प्रतीक भी सिद्ध होगा। मैं ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इसी तरह के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। मैं पांडेपाली वासियों को इस भवन के लोकार्पण पर हार्दिक बधाई देता हूं।

इस लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से उपस्थित जनों में सरपंच निर्मला यादव, जीतराम यादव, भारत दीवान, कृपाशंकर चंद्राकर, विष्णु रावल, रामेश्वर प्रधान, बीनू राम भोई, उत्तम ध्रुव, मदन साहू, सोमकांत यादव, डाकेश्वर यादव, दुलार यादव, दुर्गेश भाई, चमन यादव, कोमल घृतलहरे, दुष्यंत यादव, अकालू नरौजी, नेमीचंद बढ़ई, उपेंद्र सिंह बरिहा, विश्वनाथ साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से माताओं और बहनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन को भक्ति और भव्यता से परिपूर्ण बना दिया।

# जल जीवन मिशन चढ़ रही ठेकेदारों की भेंट : जपं उपाध्यक्ष हुलसी

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत पाली में जल जीवन और पाइपलाइन, बोर खनन, अपूर्ण होने को लेकर जनपद उपाध्यक्ष को ग्राम पंचायत सरपंच और पंचों ने सौंपे ज्ञापन ग्राम पंचायत पाली में जल जीवन मिशन के तहत बन रहे पानी टंकी निर्माण और पाइपलाइन वह बोरखनन अपूर्ण होने के कारण बुधवार को जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर को ग्राम पंचायत पाली के ग्रामीणों और सरपंच ने ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया कि पेयजल की समस्या बनी हुई है जिसे देखते हुए पीएचई विभाग को लिखित शिकायत 4 मार्च को किया गया है लेकिन इस संबंध में विभाग द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही ठेकेदार की भी लापरवाही इसमें दिखाई देती है। पानी टंकी का कार्य अभी अधूरा है। मामले को संज्ञान में लेते हुए पीएचई अधिकारी देव प्रकाश वर्मा से बात कर हुलसी चंद्राकर ने ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।



# मरार पटेल समाज की बैठक में प्रकरणों का हुआ निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज की बैठक ग्राम नर्रा मे आयोजित किया गया। उक्त बैठक मे नांदगांव राज के प्रमुख पदाधिकारी समेत बेलटुकरी ग्राम के पंच उपस्थित रहे सर्व प्रथम समाज के ईष्ट देवी मां शाकंभरी देवी की पूजन अर्चन व आरती कर की गई। इसके बाद दोनों राज से आए समाज पदाधिकारियों का स्वागत अक्षत रोली चंदन बंदन से किया गया। इसके तत पश्चात समाज को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सभापति के रूप में पदुमलाल पटेल को नियुक्त किया फिर नर्रा राज और नांदगांव राज से संबधित प्रकरण का सुनवाई कर निपटारा किया गया। इस दौरान सभापति पदुमलाल पटेल संरक्षक सेतराम पटेल, तुकाराम पटेल, अध्यक्ष नांदगांव राज पुरूषोत्तम पटेल, अध्यक्ष नर्राराज उपाध्यक्ष राम सुमन पटेल, दुकालुराम पटेल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल, मंगलराम पटेल, महासचिव नेतराम पटेल, सुंदरलाल पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष माखनलाल पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सविता पटेल, सचिव ममता पटेल, नांदगांव राज सचिव चंदन पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी ललित पटेल, संगठन सचिव अमर पटेल, सलाहकार नाथुराम पटेल, लक्ष्मीनारायण पटेल, जगदीश पटेल, गणेश पटेल, जागेश्वर पटेल, व परिहापंच रघुराम पटेल, रामेश्वर पटेल, मुरली पटेल, दशरथ पटेल, नोहरसिंह पटेल, मेघराज पटेल, शुक्ला पटेल, धरम पटेल, सदाराम पटेल, महेश पटेल, ऐवतराम जेठूराम दयालुराम बलीराम पटेल समेत समाज के लोग बडी संख्या मे मौजूद रहे।



### एचएसआरपी आवेदन हेतु शिविर आयोजित, 20-21 मई को बागबाहरा में

**महासमुंद।** केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केंद्रीय मोटरयान नियम 1989, साथ ही सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 06 दिसम्बर 2018 को जारी अधिसूचना तथा उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक मोटर वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में यह कार्य परिवहन विभाग द्वारा अधिकृत एजेंसी मेसर्स रियल मेजन इंडिया लिमिटेड और रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है, जो राज्य के सभी परिवहन कार्यालयों में एचएसआरपी लगाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में, कलेक्टर के निर्देश पर जिले में आमजन को जागरूक करने एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद द्वारा 13 से 15 मई 2025 तक कलेक्टोरेट परिसर में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 281 वाहन स्वामियों ने ऑनलाइन आवेदन कर एचएसआरपी हेतु प्रक्रिया पूर्ण की। एचएसआरपी कार्य में निरंतरता एवं जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए अगला शिविर जनपद पंचायत कार्यालय, बागबाहरा में आयोजित किया जाएगा। यह दो दिवसीय शिविर 20 एवं 21 मई 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित होगा। इच्छुक वाहन स्वामी इस शिविर में उपस्थित होकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि वे समय पर अपने वाहन पर एचएसआरपी लगवाकर नियमों का पालन करें एवं कानूनी कार्रवाई से बचें।



### केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में मनाया पूर्व नपाध्यक्ष का जन्मदिन

**महासमुंद।** आवास एवं शहरी विकास केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के बुधवार को बागबाहरा प्रवास के दौरान उनका स्थानीय पालिका में भी स्वागत हुआ। इस दौरान उनकी उपस्थिति में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 24 पार्षद पवन पटेल के जन्मदिन पर केक भी काटा गया। केंद्रीय राज्यमंत्री साहू ने पटेल के दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं पार्षदगण भी मौजूद रहे।

# सेवारत शिक्षक के निधन पर संघ के पदाधिकारियों ने आर्थिक सांत्वना सहयोग राशि प्रदान की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सहायक शिक्षक / समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लाक इकाई संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संघ के योग्य एवं अनुभवी सक्रिय सदस्य स्व भोजराज बरिहा सहायक शिक्षक सेवारत शाला शासकीय प्राथमिक शाला सूखापाली संकुल केंद्र कलेंडा (सिंघोड़ा) के आकस्मिक निधन हो जाने पर उनके दशकर्म कार्यक्रम पैतृक गृहग्राम दाऊगुड़ी में सम्मिलित होकर उनके आश्रित शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान की।

भविष्य में संघ से शिक्षा विभाग के विभागीय सहायता अनुकंपा नियुक्ति से लेकर कार्यालयीन समस्त भुगतानों के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने का विश्वास दिलाते हुए संघ के परंपरा अनुरूप आर्थिक सांत्वना सहयोग राशि 31700 रुपए एवं संकुल केंद्र कलेंडा के समस्त शिक्षकों द्वारा पृथक रूप से 19200 रु कुल 50900 रुपए की राशि उनकी धर्मपत्नी मीना बरिहा एवं पिता विक्रम बरिहा को प्रदान कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षक फेडरेशन ब्लाक के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मनोज राय, अध्यक्ष निरूपमा देवता, राजकुमारी पटेल, शांति पटेल, , लेखा नागवंशी, अंगद बारिक, गोरखलाल पंडा, राजेंद्र सिंह सिदार, भूपेंद्र सिंह नेताम, जगजीवन रत्नाकर, गणेश चौहान, सुंदरलाल डड़सेना, केशव साहू, नारायण गडतिया, चंद्रभानु बरिसा, हेमचंद पटेल, गुणवंत भोई, खीरसागर चौहान, लीलाशंकर पटेल, सुभाष चौधरी, प्रदीप राणा सहित संकुल केंद्र कलेंडा और विकासखंड के शिक्षक गण इस स्वप्रेरित पुण्य एवं नेक कार्य में उपस्थित रहे।

# द्वारकाधीश की नगरी में लड्डू गोपाल का किया गया सहस्त्रार्चन अभिषेक

## नाम जाप के बीच गोपीचंदन, अष्टगंध मिश्रित जल का महासमुंद के तीर्थ यात्री करते रहे अर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चार धामों में से एक द्वारका धाम में चल रहे भागवत ज्ञान गंगा सप्ताह के पंचम दिवस वेदी पूजन उपरांत सभी तीर्थ यात्रियों ने लड्डू गोपाल का अष्टगंध, गोपीचंद्न मिश्रित जल से सहस्त्रार्चन अभिषेक किया। द्वारका धाम में गोपीचंदन का विशेष महत्व बताया गया है। कहते हैं जिन पापों का नाश कहीं नहीं हो सकता। ऐसे पापों का नाश भी गोपीचंदन लगाकर कृष्ण जी का पूजन करने से पाप कर्म नष्ट हो जाता है। भगवान श्री कृष्ण को गोपीचंदन अति प्रिय है इसलिए इस धाम में जब भी कोई तीर्थ यात्री आता है तो गोपी तालाब का दर्शन करने अवश्य जाते हैं और और गोपीचंदन खरीद कर अपने घर ले जाते हैं गोपीचंदन लगाकर पूजन करने, गोपीचंदन घर में रखने और गोपीचंदन का दान करने का भी विशेष महत्व बताया गया है। कथा श्रवण करने कथा स्थल श्री माहेश्वरी सेवाकुंज पहुंचे गोधरा गुजरात के राजू भाई पटेल व अशोक व्यास ने भागवताचार्य पं. पंकज तिवारी का अभिनंदन किया। साथ ही उन्होंने सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और शिव तांडव स्त्रोत का सस्वर पाठ कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। कथा मंच से श्री तिवारी ने श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का बखान करते हुए दही लूट व गिरिराज गोवर्धन की महिमा बताते हुए कहा कि इंद्र के अभियान को चूर करने भगवान ने गोवर्धन लीला रची और अपनी कनिष्क अंगुली में पर्वत राज को धारण कर ग्वाल बाल, गोवंश, गोप गोपियों की रक्षा करते हुए इंद्र का अभिमान मर्दन किया। मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सहजजमान मनोजकांत सीता देवी साहू व महासमुंद क्षेत्र के करीब 80 जजमानों द्वारा द्वारका धाम में भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा वाचन करते हुए पंकज महाराज ने पुतना, शकटासुर, तृणावर्त, कुबेर पुत्रों जड़ योनि से मुक्ति कथा का विस्तार से बखान भी किया व कहा कि धन कुबेर के पुत्र होने के कारण उन्हें अभिमान हो गया था और वह मंदाकिनी नदी में स्त्रियों के साथ मदिरापान कर स्नान कर रहे थे। इससे ऋषि मुनि बहुत दुखी थे। इस पर नारद जी ने कुबेर पुत्रों को समझाया कि तीर्थ क्षेत्र में मर्यादा का पालन करें, क्योंकि यहां श्रद्धा भाव से लोग आते हैं और यहां निवास करने वाले लोगों का अनुसरण करते हैं। जब यहां मर्यादा का पालन नहीं होगा, तो लोग यहां के निवास करने लोगों का आचरण करने लगेंगे। इस पर धन कुबेर पुत्रों ने नारद का भी अपमान कर दिया। कुबेर पुत्रों को श्राप देते हुए नारद ने कहा कि तुम जड़मति के रूप में व्यवहार कर रहे हो।



## ऑफिस बॉय चाहिए

महासमुंद स्थित कार्यालय हेतु साधारण शिक्षित,16-22 वर्षीय 'ऑफिस बॉय' चाहिए। निशुल्क भोजन, आवास सुविधा सहित 6000 मासिक। नाम, पता, जन्मतिथि, योग्यता विवरण और फोटो सहित आवेदन वाट्सअप करें :-

नोट : ग्रामीण आवेदक को प्राथमिकता

फोन-व्हाट्सएप
9826126499

## कार्यशाला : रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया होगी पेपरलेस और कैशलेस

# अब रजिस्ट्री के बाद होगा स्वतः नामांतरण अलग से नहीं करनी होगी कोई प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला




छत्तीसगढ़ शासन की रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जनपद अध्यक्ष बसना डिलेश्वरी निराला, जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी जांगड़े, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला पंजीयक रूपाली बोस एवं राजस्व एवं पंजीयन विभाग के अधिकारी, स्टाम्प वेंडर शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पंजीयन कार्यालय को पारदर्शी, डिजिटल और भ्रष्टाचार रहित बनाने के लिए ऐतिहासिक पहल की है। इससे रजिस्ट्री की 10 क्रांतियों से आमजनों एवं किसानों को त्वरित लाभ मिलेगा। रजिस्ट्री, नामंतरण में जो समस्या आती थी उसे दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 10 क्रांति लाई है जिससे पारदर्शी ढंग से रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होगा। राजस्व से जुड़े कार्यों के लिए अब लोगों को कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पंजीयन के साथ अब नामांतरण का कार्य भी तत्काल होगा। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटि का असर भूमिस्वामी पर पड़ता है, अब लोगों को इन समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। रजिस्ट्री, नामंतरण एवं अन्य समस्याओं का हल निकालने सरकार का बेहतर प्रयास है। सरलीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। इससे नामांतरण की प्रक्रिया आसान हो जाएगा तथा साथ ही नागरिक डिजीलॉकर में सारे दस्तावेजों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि पारिवारिक दान, हक त्याग और बंटवारे पर पंजीयन शुल्क केवल 500 रुपए में होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में यह योजना सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे रजिस्ट्री कार्य में सहुलियत होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री को इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए बधाई दिया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का सुशासन और समयबद्ध सेवा के लिए बहुत अच्छी पहल है। किसानों एवं नागरिकों को अब नामंतरण के लिए परेशानी नहीं होगी एवं सुविधाओं में विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि 10 क्रांतियों से आमजनों के लिए रजिस्ट्री, नामतंरण संबंधी समस्याओं का सामना नहीं होगी। उन्होंने इस क्रांतिकारी पहल की प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। पंजीयन विभाग द्वारा किए गए 10 नए सुधारों को लेकर मास्टर ट्रेनर दिनेश कोचे एवं देवराज साहू ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी तथा उनके शंकाओं का समाधान करते हुए प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया।

## हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट आवेदन के लिए शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 और केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत प्रत्येक वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इसी क्रम में जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद द्वारा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 09 और 10 मई को जिला न्यायालय परिसर महासमुंद में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 156 ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुए।

13 से 15 मई तक कलेक्टर परिसर महासमुंद में शिविर का आयोजन जारी रहेगा, जहां सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक इच्छुक वाहन मालिक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। 13 और 14 मई को 223 आवेदकों ने अपने वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट हेतु आवेदन किया। अगले शिविर का आयोजन जनपद पंचायत कार्यालय बागबाहरा में 20 मई 2025 और 21 मई 2025 को किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने वाहन मालिकों को नियत समय पर पहुंचकर अपने वाहन की हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए आवेदन करने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### गुड शेफर्ड में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्साहवर्धक

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम उत्साहवर्धक रहा। कक्षा पांचवीं में अंकित प्रधान ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सिद्धांत पाठक ने 95% प्राप्त कर द्वितीय स्थान, श्रेया ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में बालिकाओं ने बाजी मारी डिंपल सोनकर ने 97% प्रथम स्थान, कशिश खान 96% द्वितीय स्थान निशा टंडन ने 95% हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में भी बालिकाओं ने परचम लहराया शहनाज़ बानो ने 93% प्रथम स्थान, दीपांशी मानिकपुरी ने 91.3%, वैष्णवी कन्नौजे ने 88.1% हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में विज्ञान संकाय में तृप्ति साहू ने 88.2%, प्रथम स्थान,वरूण ढीढी ने 84.2% द्वितीय स्थान, मोहम्मद अयान ने 75.8% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में गौरव बावनकर ने 80.1% प्रथम स्थान, तन्नू दीवान ने 69.2% द्वितीय स्थान, रूबी पटेल 65.3% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा पांचवीं बोर्ड परीक्षा में 53 विद्यार्थी सम्मिलित हुए और 98% परीक्षा परिणाम रहा, कक्षा आठवीं में 49 विद्यार्थी सम्मिलित हुए परिणाम शत-प्रतिशत रहा, कक्षा दसवीं में 36 विद्यार्थी सम्मिलित हुए परिणाम 80 प्रतिशत एवं बारहवीं में कुल 42 विद्यार्थी सम्मिलित हुए और परिणाम 98 प्रतिशत रहा। शाला के डायरेक्टर डा. जार्ज रावटे, उड़ान जीएसएस की संचालिका डॉ अनीता जी रावटे एवं प्राचार्य एम श्रीनिवासन राव ने एवं समस्त शिक्षकों ने बच्चों को उनकी सफलता पर र शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### निधन

### अशोक सोनी



**महासमुंद।** शहर के नयापारा निवासी समाजसेवी एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक सोनी का गुरुवार देर शाम निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। अंतिम यात्रा आज शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

# पिथौरा भाजपा मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित, युवाओं व महिलाओं को मिला प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)



भारतीय जनता पार्टी के पिथौरा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। संगठन को विस्तार और मजबूती देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी में उन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, जो लंबे समय से पार्टी के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। घोषित कार्यकारिणी में युवाओं, महिलाओं और अनुभवी नेताओं को संतुलित प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है। मंडल उपाध्यक्ष के रूप में सुधीर प्रधान, पंचराम मटियारा, सुरेंद्र साहू और पद्मिनी चौधरी को नियुक्त किया गया है। वहीं जतिन ठक्कर और किरण साहू को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। कोषाध्यक्ष के पद पर राजेश चौधरी को नामित किया गया है। मंत्री पद की जिम्मेदारी दीपक देवी गजेंद्र, गोविंद पटेल, संजुकला भोई और विजय राज पटेल को सौंपी गई है। कार्यकारिणी में कई नए और पुराने चेहरों को शामिल कर संगठन को गति देने की रणनीति बनाई गई है। इसके माध्यम से मंडल स्तर पर कार्यों की निगरानी और संचालन को सशक्त किया जाएगा। कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें दुलीचंद पटेल, सुंदर सिन्हा, नारायण पटेल, सोनू ध्रुव, गोदावरी दीवान, महेंद्र डड़सेना, योगेश यादव, अशोक डड़सेना, सिंधु प्रधान, इंदेश्वर डड़सेना, योगेंद्र डड़सेना और राम प्रसाद साहू शामिल हैं। इसके अलावा प्रहलाद बरिहा, क्षमा गोयल, सरला बंसल, ललिता डड़सेना, पीली बाई निषाद, अंबिका प्रधान, नलिनी भोयर, मधुरिमा पांडे, संध्या भोसले, प्रेम प्रधान, ज्योति सिन्हा, संग्राम विश्वकर्मा, मनहरण यादव, गौतम पटेल, शिव पटेल, लक्ष्मीकांत बबलू सोनी, वीरेंद्र चौधरी, सुरित कैवर्त, नंदकिशोर बारीक, राजेश अग्रवाल और शिवचरण नायक को भी कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने पिथौरा के कद्दावर नेता और पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष देव सिंह निषाद भी उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि भाजपा की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाना, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्रमुख प्राथमिकताएं होंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम पार्टी के लक्ष्यों की पूर्ति में पूरी निष्ठा से कार्य करेगी।

## भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बने भोज प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर



भाजपा मंडल भंवरपुर के नवनियुक्त पदाधिकारियों में भोज प्रधान को भाजपा मंडल भंवरपुर का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, प्रधान पहले भी अपनी सक्रियता के चलते क्षेत्रवासियों पर अपना भरोसा कायम कर चुके हैं। नियुक्ति पर चैनसिंह पटेल, विजय कुमार चौहान, नरोत्तम पटेल, झमन श्रीवास, नीलमणी सिदार, देवेश सिदार, शिवम चौहान आदि ने हर्ष जताया है।

# लोहिया चौक में समाधान शिविर आज

**महासमुंद।** छग प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन स्थानीय लोहिया चौक में 16 मई 2025 सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि द्वितीय शिविर में 10 वार्ड के लोगों का आए हुए आवेदनों का समाधान होगा। क्रमशः 1, 12, 13, 14, 16, 19, 20, 21, 22 और 23 नंबर वार्ड के लिए लोहिया चौक में आयोजित है शिविर के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उनसे कहा गया कि जिन वार्डों के लिए समाधान शिविर लग रहे है उन वार्डों में अच्छे से मुनादी होनी चाहिए। इसके अलावा वार्डों के जो आवेदन प्राप्त हुये है उन्हे फोन से सूचना देकर शिविर स्थल में बुलाया जाए तथा मांग एवं समस्या का समाधान करे। राठी ने आगे बताया कि समाधान शिविर में महासमुन्द लोकसभा की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चैधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छ.ग. कृषि एवं बीज निगम आयोग के अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इन्द्रजित गोल्डी, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, बाल कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष संदीप दीवान, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका सहित सभी पार्षदगण उपस्थित होकर आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। जिला एवं अनुविभाग के सभी अधिकारी स्टाल लगाकर समस्याओं का समाधान करेंगे। आयुष्मान कार्ड स्थल पर ही बनाने की व्यवस्था की जा रही है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)



बीएमओ डॉ एच एल जांगड़े के मार्गदर्शन में स्व. मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य सरायपाली में कार्यरत समस्त नर्सिंग स्टॉफ के उपस्थिति में अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया जहां पर बीएमओ डॉक्टर जांगड़े के द्वारा आधुनिक जगत की नर्सिंग सेवा की जनक- फ्लोरेंस नाइटेंगल, जो लेडी विद द लैंप के नाम से भी प्रचलित हैं जो नर्सिंग सेवा के क्षेत्र में समर्पित होकर, किए गए उनके कार्यों को स्मरण किया गया इस कार्यक्रम का शुभारंभ उनके फोटो के सामने कैंडल जलाकर किया गया। इसी कड़ी में सीएचसी में कार्यरत सभी नर्सेस द्वारा मरीजों को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने हेतु 'नर्सिंग प्रतिज्ञा' भी लिया गया तथा सभी नर्सेस द्वारा अस्पताल में भर्ती कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं शिशुवती माताओं एवं वार्ड में भर्ती अन्य मरीजों को फलों का वितरण किया गया इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में सीएचसी सरायपाली के समस्त चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों ने भी अपना विशेष सहयोग प्रदान किया जिसके लिए समस्त नर्सिंग स्टॉफ के द्वारा आभार प्रकट किया गया उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टी आर धृतलहरे ने दी।

## चंडी मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए सौंपा ज्ञापन



**बागबाहरा।** विगत कुछ वर्षो श्री चंडी माता मंदिर मार्ग के चौडीकरण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में बागबाहरा नगरपालिका परिषद बागबाहरा के भाजपा पार्षद प्रेम साहू, कुलेश देवांगन, थानूराम पांडे, सविता दीवान, अनिता अजित तांडी, श्यामा लोकू चंद्राकर, पूर्व पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर ने स्थानीय विश्राम गृह में बागबाहरा प्रवास पर पहुँचे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से मुलाक़ात कर श्री चंडी माता मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शंकर तांडी, संजय मालवे, अजित तांडी, शिवा साहू, तुलसी यादव, अशोक दीप,अतुल गंडेचा, तिले साहू, हरमीत बग्गा, महेंद्र सिंग तांडे, दुर्गा वस्त्रकार एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉ पाणिग्राही ने बनाया लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अचीवर अवार्ड में स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा




पंचभूत (पंच तत्व) संरक्षण तथा संयुक्त राष्ट्र संघ के सीओपी 29 की थीम पर आईजीई एन इंडिया द्वारा आयोजित एनवायरंथान 2024 में लगातार 29 घंटे नॉनस्टॉप ऑन लाइन मैराथन में भाग लेकर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही इनवायरमेंट एक्टिविस्ट ने लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अचीवर अवार्ड में स्थान बनाया है। साथ ही उन्हें स्टार पार्टिसिपेंट की मान्यता भी प्रदान की गई है ।

विश्व स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेकर सम्मान मिलने पर डॉ पाणिग्राही ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पंचभूत संरक्षण ,संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से इंटरलिंक्ड वैश्विक कार्यक्रम था जिसे आईजीईएन इंडिया द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें 29 दे, 29 पार्टनर, 29 राज्य, 29 जिले, 299 स्पीकर , ने लगातार भाग लेकर 29 घंटे तक दुनियां की बेहतरी के लिए मैराथन मंथन किया । ऐसे ग्लोबल कॉन्क्लेव में मुझे अवसर मिला पार्टिसिपेट करने का साथ ही अपने सुझावों जिसमे खासकर कार्बन फुटप्रिंट कम करने, ग्रीन फ्लाइट चलाने , ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने, स्काई एंड स्पेस के संरक्षण के लिए एक अलग से एसडीजी निर्धारित करने, पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने, विकास के लिए वनों के विनाश न करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिया जिसे आईजीईएन एनवायरनथान 2024 में पार्टिसिपेट कर रहे विश्व समुदाय के लोगों ने सराहना की। डॉ पाणिग्राही ने लिम्का बुक संस्थान, डॉ एल रमेश प्रेसिडेंट आईजीईएन इंडिया आयोजक एवं आईजीईएन की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया तथा कहा कि आइए हम सब मिलकर एक बेहतर विश्व बनाए

## 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसानों के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें आग में जलने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नवागांवकला के मृतक यश कुमार उर्फ योगेश पटेल के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक 2321/ तह. / वाचक/2025
बागबाहरा, दिनांक 14/5/2025

रा.मा.क्र. ब/121, वर्ष 2024-25
ग्राम भीमखोज पहन 14 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम भीमखोज प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. खल्लारी तहलसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदिका फिरंतीन पति गौतरिहा जाति भुंजिया निवासी ग्राम भीमखोज तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पुत्र कमल जाति भुंजिया का जन्म दिनांक 30/06/2007 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 28/5/2025 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्तं उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 14/5/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अति.तहसीलदार
बागबाहरा (छ.ग.)

# स्थानीय पत्रकारों ने विधायक अग्रवाल का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)



विगत दिनों आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल का स्थानीय पत्रकारों ने भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों ने पुष्पमालाओं और शॉल से विधायक का सम्मान किया तथा क्षेत्र में उनके विकास कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रमेश सिन्हा, संतोष गुप्ता, ताराचंद पटेल, ललित मुखर्जी, गौरव चंद्राकर और राजा बाबू उपाध्याय उपस्थित रहे। सभी ने विधायक डॉ. अग्रवाल से क्षेत्रीय समस्याओं और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की तथा पत्रकारिता के माध्यम से जनसेवा में सहयोग करने की बात की। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और पत्रकारों की भूमिका समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सकारात्मक भूमिका से प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा मिलती है।

## जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समर कैंप का अवलोकन



**महासमुंद।** पीएम बृजराज में 10 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। आज प्रातः 7:30 बजे समर कैंप का शुभारंभ बृजराज परिसर में शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य दिग्विजय साहू एवं संकुल स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर के द्वारा मां सरस्वती के वंदना के साथ हुआ । यह समर कैंप आज से 23 तारीख तक चलने वाली है । इस समर कैंप में प्रशिक्षकों द्वारा डांस, जुम्बा, योगा, क्राफ्ट आर्ट, संगीत, हारमोनियम वादन, तबला वादन, ड्रम, बांसुरी, इंग्लिश स्पोकन क्लास ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी आर्ट गार्डनिंग आदि विभिन्न प्रकार के आर्ट बच्चों को सिखाया जाएगा । इसमे स्कूल के आज 62 बच्चों की उपस्थिति रही एवं सभी स्कूलों के बच्चों तो सम्मिलित होने के लिए शिक्षकों द्वारा प्रेरित किया जा रहा है । इस समर कैंप का अवलोकन आज जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा के द्वारा किया गया तथा प्रशिक्षकों से उनके विधाओं के बारे बारीकियों से जाना एवं गर्मी में बच्चों को कोई तकलीफ न हो करके नाश्ता एवं ठंडा पानी के व्यवस्था का जायजा किया जिसमें संस्था द्वारा वाटर कूलर से ठंडा पानी की व्यवस्था किया गया है तथा प्रतिदिन नाश्ता का व्यवस्था छात्रों के लिए किया जा रहा है ।

## खबर संक्षेप



### परिवार के बिना जीवन संभव नहीं : मुकेश

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा परिवार बिना जीवन जीना असंभव है। परिवार ही समाज के साथ हमें जोड़ता है। आगे बढने के लिए प्रेरणा देता है। बुरे से बुरे वक्त में हमारे साथ खड़ा रहता है। इंसानों को जीवन के हर मोड़ पर परिवार की जरूरत होते है। ऐसे में परिवार से संबंधित मुद्दों के प्रति लोगों को जागरूकर करने के उद्देश्य से हर साल 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है।

### मेघना की सफलता से समाज में हर्ष

**महासमुंद।** ग्राम लभरा कला



निवासी हुलास गिरि गोस्वामी की सुपुत्री मेघना गोस्वामी ने जो चंद्रोदय पब्लिक स्कूल महासमुंद की छात्रा है, सीबीएसई की बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है। मेघना की इस सफलता पर गोस्वामी समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, विजय पुरी, धीरेन्द्र गिरि, डिगेंद्र गिरि, ओमप्रकाश पुरी, देवेश गिरि, भोज गिरि, यशवंत गिरि, अर्जुन गिरि आदि पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया है।

### मीना वर्मा बनीं भाजपा की शहर महामंत्री

**महासमुंद।** जिला संगठन की



अनुशंसा पर वरिष्ठ भाजपाई एवं 4 बार पार्षद रही मीना वर्मा को भाजपा शहर मंडल की कार्यकारिणी में शहर मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया है। मंडल में पहली बार मीना वर्मा के रूप में महिला महामंत्री की नियुक्ति होने से भाजपा की महिला कार्यकर्ताओ में हर्ष और उत्साह का माहौल है। नवनियुक्त महामंत्री पूर्व वरिष्ठ पार्षद मीना वर्मा ने अपने नियुक्ति के लिए सांसद रूपकुमारी चौधरीं,जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायकद्वय योगेश्वर राजू सिन्हा,संपत अग्रवाल, जिला भाजपा महामंत्री प्रदीप चंद्राकर सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

**मांग : वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्वीकृति के लिए मंत्री को सौंपा ज्ञापन**

# कोडार में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण से दूर होगी पानी की समस्या: निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

केंद्रीय राज्य मंत्री आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार तोखन साहू का नगर आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में समस्त सभापतियों व पार्षदों ने भव्य स्वागत किया। नगर पालिका के समक्ष मंत्री साहू के पहुंचते ही ढोल-बाजे, आतिशबाजी के साथ फूल माला पहनाकर नपाध्यक्ष ने स्वागत किया। पश्चात मंत्री ने अध्यक्ष कक्ष में नपाध्यक्ष से शहर विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान नपाध्यक्ष साहू ने मंत्री को शहर विकास के लिए विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन उन्हें सौंपा।

नपाध्यक्ष ने महासमुंद में कराए जा रहे कार्यों को बताते हुए शहर विकास की संभावनाओं से मंत्री को अवगत कराया। साथ ही प्रमुख रूप से नगर में पेयजल आपूर्ति हेतु कोडार डेम में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं इंटकवेल निर्माण कार्य की आवश्यकता बताई। साहू ने मंत्री को बताया कि इस संबंध में पीआईसी की बैठक गत 23 अप्रैल को हुई थी। जिसमें इस योजना के लिए सर्वसम्मति से



प्रस्ताव पारित किया गया है। वर्तमान में स्थापित संयंत्र लगभग 20 वर्ष पुराना है। उक्त संयंत्र से पेयजल आपूर्ति पर्याप्त नहीं होने के कारण शहर में जल समस्या बनी रहती है। अतः इस महत्वपूर्ण योजना को जन हित में स्वीकृति प्रदान करने नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने केंद्रीय मंत्री से निवेदन किया। जिस पर मंत्री ने शीघ्र कार्रवाई का भी आश्वासन दिया। इसी प्रकार साहू ने केंद्रीय मंत्री को निकाय क्षेत्र अंतर्गत मृत नहर लिंक रोड निर्माण कार्य पिटियाझर से मौहारीभाठा तक प्रस्तावित कार्य स्वीकृति प्रदान करने की मांग। जिसमें उन्होंने मंत्री को बताया कि लिंक रोड निर्माण से शहर के भीतर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगा तथा यातायात का दबाव भी कम होगा। उन्होंने नहर लिंक रोड निर्माण हेतु परियोजना की स्वीकृति व लागत राशि 3125.83 लाख रुपए आबंटन प्रदान करने की मांग की। साहू ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान नगर पालिका कार्यालय भवन की ओर भी आकर्षित कराया। नपा कार्यालय काफी पुराना हो चुका है। पर्याप्त संसाधन व पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है, पुराना एसडीएम बंगला में नवीन नगर पालिका कार्यालय भवन निर्माण के लिए पालिका पीआईसी की बैठक में पारित प्रस्ताव से अवगत कराया। साथ ही भवन निर्माण में आने वाले खर्च 550.00 लाख रु. आबंटन प्रदान करने की मांग की। इसी प्रकार उन्होंने शहर के समस्त 30 वार्डों में मूलभूत सुविधाओं, मरम्मत, पेयजल, सफाई व्यवस्था आदि के लिए सभी वार्डों के लिए 30-30 लाख के मान से 9 करोड़ रुपए आंबटित करने की मांग भी की। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने समस्त मांगों को ध्यानपूर्वक सुनकर शीघ्र उचित पहल करने का आश्वासन नगर पालिका अध्यक्ष साहू को दिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता राहुल चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पवन पटेल, सूरज नायक, जय देवांगन, सभापति जितेंद्र ध्रुव, नीरज चंद्राकर, पार्षद राहुल आवड़े, रिंकू चंद्राकर, बड़े मुन्ना देवार, शुभ्रा शर्मा, कल्पना सूर्यवंशी, धनेश्वरी सोनवानी, सीता तोंडेकर, ईश्वरी भोई, सुनैना पप्पू ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, हफीज कुरैशी, पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, सोनाधर सोनवानी सहित नपा के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## मंत्री साहू का किया गया स्वागत



**तेंदूकोना।** भाजपा मंडल बागबाहरा ग्रामीण अंतर्गत मुनगासेर में साहू समाज द्वारा आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम में 15 मई (गुरुवार) को साहू समाज के गौरव एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखनलाल साहू, विधायक मोतीलाल साहू, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू का ग्राम गांजर में भारतीय जनता पार्टी मंडल बागबाहरा ग्रामीण के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी,कार्यकर्ता,सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों के मध्य उत्साह के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया।

## विधायक अग्रवाल ने स्काउट गाइड द्वारा संचालित प्याऊ का किया अवलोकन

**पिथौरा।** भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा थाना के सामने मुख्य मार्ग पर संचालित शीतल प्याऊ घर



का क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अवलोकन किया। ग्रीष्मकाल में यात्रियों और राहगीरों के लिए शुरू किए गए इस प्याऊ केंद्र में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है, जिससे आमजन को राहत मिल रही है। अवलोकन के दौरान विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि ऐसे मानवीय कार्यों से समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बल मिलता है। उन्होंने स्काउट एवं गाइड संगठन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को समाजसेवा से जोड़ने की दिशा में यह एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस तरह के जनहित कार्यों में वे हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष देव सिंह निषाद, स्काउट मास्टर व ब्लॉक मीडिया प्रभारी दिलीप निषाद, ब्लॉक सचिव झनेस साहू उपस्थित रहे।

### खुशबू नंद को महासमुंद जिले में 6वां स्थान

**सरायपाली।** अर्पित शिक्षा समिति द्वारा संचालित इवास वुडलैंड हायर



सेकेंडरी स्कूल मे कक्षा 10वीं में 22 विद्यार्थियों में से 19 विद्यार्थी प्रथम एवं 3 विद्यार्थी द्वितीय स्थान प्राप्त किए एवं कक्षा 12वीं मे 24 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थी प्रथम एवं 4 विद्यार्थी द्वितीय स्थान प्राप्त किए। स्कूल में दसवीं से टॉप करने वाले बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों में खुशबू नंद 96.83 प्रतिशत, आयशा बानो 92.5, भूमि सिंह 91, प्रियांशी पटेल 91, शाहिना परवीन 90.16, गायत्री पटेल 89, संतु कुमार 87.83, दीप्ती सेन 87.66, बिंदुलता सोनी 86.83, मासूमा बानो 86.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं खुशबु नंद 10 वीं में महासमुंद जिला से टॉप 6 वां स्थान प्राप्त की है। वहीं कक्षा बारहवीं से देवेश पटेल ने 89.6 प्रतिशत, भावेश पटेल 87.4, शाहिबा परवीन 86.83, आस्था प्रधान 84 प्रतिशत अंक अर्जित की है। सभी बच्चों की सफलता के लिए इवास परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाओ एवं प्राचार्या श्रीमती शेफाली मसीह व संचालक ए.के.मसीह ने बधाई दी एवं उनके उज्वल भविश्य की कामना की।

## 276 हितग्राहियों को पेंशन योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा निरंतर व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह के मार्गदर्शन में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का तत्काल लाभ प्रदान किया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित समाधान शिविरों में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, मुख्यमंत्री पेंशन योजना,



एवं निःशक्तजन कल्याण योजना के अंतर्गत पेंशन स्वीकृति तथा सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिर्रीपठारीमुड़ा में आयोजित शिविर में कुल 139 पात्र पेंशन हितग्राहियों को योजना का त्वरित लाभ प्रदान किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड सरायपाली के ग्राम पंचायत सिंघोड़ा में 124 हितग्राहियों, एवं विकासखण्ड पिथौरा के ग्राम पंचायत पिरदा में 13 हितग्राहियों को पेंशन योजनाओं से लाभांवित किया गया। इसके अतिरिक्त, दिव्यांगजन सहायता योजना के अंतर्गत संजीव कुमार सिदार को उनकी विशेष आवश्यकता अनुसार मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। यह पहल प्रशासन की सेवा भावना, संवेदनशीलता एवं त्वरित समाधान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके माध्यम से शासन की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक शीघ्रता से पहुंचाई जा रही हैं।

## सीबीएसई परीक्षाओं में पीएम केवि महासमुंद के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएम केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में कक्षा दसवीं के बच्चों द्वारा शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा । कक्षा दसवीं में गणित में 69 में से 15 विद्यार्थियो ने ए1 ग्रेड प्राप्त किया साथ ही कुल 69 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिनमें से 65 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए इसी के साथ 40 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए । कक्षा बारहवीं में कुल 63 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें से 49 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए साथ ही 14 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं में गणित विषय में 69 में से 15 विद्यार्थियों ने ए1 ग्रेड प्राप्त किया । बेसिक मैथ्स का पी आई 81.45, हिंदी विषय में 75.36,

सामाजिक विज्ञान का 71.01 तथा स्टैंडर्ड गणित का 68.09 रहा विद्यालय के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के धमाकेदार प्रदर्शन किया से विद्यालय का पी आई 75.43 रहा। इसी श्रंखला में कक्षा बारहवीं का पी आई अर्थशास्त्र में 79.14 अंग्रेजी 62.9 तथा सीएस में 62.5 रहा । कक्षा बारहवीं में खिमेंद्र साहू वाणिज्य संकाय सें 94.4 प्रतिशत के साथ प्रथम पर रहे साथ ही स्नेहा घाटगे विज्ञान संकाय में प्रथम 89.6 तथा पार्थ शर्मा 86.4 द्वितीय स्थान पर रहे । कक्षा दसवी में रोहन सेन 94 .8 प्रथम, सौम्य साहू 93.4 और शिवम तिवारी 93.4 द्वितीय तथा शब्द भरत चंद्राकर 92.2 के साथ तृतीय स्थान पर रहे । अन्य विद्यार्थियों में सृष्टि सिंह 91.8, श्लोक दुबे 91.8, भेषज रतन साहू 91.6 रामकृष्ण 90.6, नैतिक साहू 89.6, सुयशी जौहरी 89.4, हर्षिता साहू 89.2, योशी चंद्राकर89.2, अर्निका कोसरे 88.6 दीक्षा साहू 88, कृतिका कौशिक 87.6 सहज सेन 87.2, तनमयी मोटघरे 85.8 तथा पल्लवी साहू 85.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की कीर्ती को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया । विद्यार्थियो के उत्कृष्ठ परिणाम के लिए प्राचार्य संजय कंसल ने सभी गुरुजनों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियो को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। बेहतर परिणाम के लिए सीमांचल प्रधान,सुरेश कुमार सिंह, लोकेश सिंह, विवेकानंद प्रधान, रोहिता बंसोड़ वंदना आचार्य, आर्यन, शिवानी, जितेंद्र कुमार चंद्राकर, घनश्याम साहू, भूमिका, विवेक, मनीषा, दशरथ राम यादव, जी के निर्मलकर, सोहन लाल, रवीना, वंदिनी जौहरी, भारती, कांता एक्का, संजय सिंह बघेल सहित विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित कर शुभकामनाएं दी।

### महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यार्थियों को दी विदाई

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ संध्या भोई के संरक्षण व मार्गदर्शन में स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। जिसमें सहायक प्राध्यापक डॉ चंद्रिका चौधरी, सहायक प्राध्यापक अनिल तांडी और आरती साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. संध्या भोई ने बच्चों को जीवन के मूल्यों के बारे में बताया साथ ही उन्होंने कहा कि सिर्फ नेट, सेट या जेआरएफ कर लेने कुछ नहीं होता जब तक अपने उद्देश्य की प्राप्ति न कर लो तब तक निरंतरता बनाए रखना बहुत ही आवश्यक होता है, साथ की प्राचार्य मैम ने चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को उनके आगामी भविष्य व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. चंद्रिका चौधरी ने विदाई को कुछ समय के लिए बताया क्योंकि महाविद्यालय को शोध केंद्र की मान्यता मिल जाने पर यही विद्यार्थी पुनः इसी महाविद्यालय में शोध कर सकेंगे। चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भी महाविद्यालय में बिताए पलों को याद कर अपने कनिष्ठों के समक्ष अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का सफल संचालन द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा शिल्पा साहू ने किया। आभार प्रदर्शन चंद्रिका सिदार द्वारा किया गया।



### छात्राओं का सम्मान

महासमुंद। बोर्ड परीक्षा परिणाम हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी में अव्वल प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान। द न्यू होली फेथ स्कूल महासमुंद में बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी में अर्जित उच्चतम अंक छात्राएं यास्मीन यादव 95 प्रतिशत एवं ऋषिका जैन ने 83 प्रतिशत प्राप्त किए जो बधाई के पात्र हैं।

### बरतियाभांठा में 16 से अष्टप्रहरी संकीर्तन नाम यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

ग्राम बरतियाभांठा में 16 से अष्टप्रहरी संकीर्तन नाम यज्ञ का आयोजन रखा गया है। 16 मई को कलश स्थापना एवं नाम उच्चारण तथा 17 मई को पूर्णाहुति, महाप्रसाद वितरण (भंडारा) का आयोजन रखा गया है। इस नामयज्ञ में ज्योत्सनामई दीक्षित महिला उदंड कीर्तन मंडली देसईमुंडा (ओडिशा), वर्षारानी बेहरा महिला उदंड कीर्तन मंडली कनबार (ओडिशा), भारती साहू महिला रंगीन कीर्तन मंडली अमरकोट (छग), माधुरी बरिहा महिला रंगीन कीर्तन मंडली कापूकुंडा (छग), दिग्विजय कदम पुरुष उदंड कीर्तन मंडली बरतियाभांठा (छग) के साथ पंडित क्षेत्रपाल देवता को आमंत्रित किया गया है। गांव वालों ने उक्त आयोजन में शामिल होने सभी क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आमंत्रित किया है।

## टॉपर बेटियों से भेंट करने पहुंचीं विधायक चातुरी नंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली(ग्रामीण)

सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद ने बोर्ड परीक्षाओं में टॉप करने वाली बेटियों को उनके निवास पहुंचकर उन्हें श्रीफल शाल एवं गिफ्ट भेंटकर सम्मानित किया। विधायक चातुरी नंद ने ग्राम पैकिन पहुंचकर बोर्ड परीक्षा की टॉपर अरती भोई को सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक चातुरी नंद ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। शिक्षा से लेकर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बेटियां सफलता के झंडे गाड़ रही है। उन्होंने कहा कि पिछले



वर्ष भी सरायपाली क्षेत्र की बेटियों ने बोर्ड परीक्षाओं में टॉप कर हमें गौरवान्वित करने का अवसर प्रदान किया और इस साल भी हमें गौरवान्वित किया। क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। चाहे पढ़ाई का क्षेत्र हो या फिर अन्य क्षेत्र बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। बेटियों को सम्मानित करने विधायक चातुरी नंद के साथ वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता विश्वनाथ नायक, निर्मल बढाई, रविशंकर साव, नीलेश तिवारी, भूपेंद्र भोई, रोशन नाग, उपेंद्र भोई गुरुजी, विक्रम भोई, सौदामिनी भोई सहित क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में विशेष रूप से उपस्थित रहें।

# मोदी सरकार सबको पक्के घर देने के संकल्प पर कर रही काम : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने रोक के रखा गरीब हितग्राहियों का 18 लाख आवास

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबको पक्के घर देने के संकल्प पर काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में लोग प्रधानमंत्री आवास में रह रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अंबिकापुर में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का पांव पखारकर उन्हें प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने गरीब हितग्राहियों के आवास को 5 वर्षों तक रोक के रखा जिसके कारण कई लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत की गई आवास नहीं बन पाया जिसके चलते कांग्रेस सरकार की पंचायती राज मंत्री ने अपने विभाग से इस्तीफा दे दिया।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में अब तक 28 लाख आवासों का सर्वे हो चुका है और छूटे हुए लाभार्थियों को भी घर मिलेंगे। अब मासिक आय की सीमा 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार कर दी गई है और दोपहिया या कुछ जमीन होने पर भी पात्रता रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 18 लाख परिवारों से घर का हक छीना था, उन्हें अब अधिकार वापस मिला है। कांग्रेस के सरकार में 5 साल तक गरीबों का अधिकार छीना गया, उनके सिर से छत का अधिकार छीना गया। लाखों गरीब पांच साल पीएम आवास से वंचित हो गए वो भी सिर्फ इसलिए क्यों कि उस समय के मुख्यमंत्री इस योजना को राज्य में आगे बढ़ाना ही नहीं चाह रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में आवास के लिए राशि



भेजते थे लेकिन उन्होंने मकान नहीं बनाए। लाखों परिवारों के साथ अन्याय किया गया। इसलिए जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब विष्णुदेव साय के सुशासन में फिर से गरीबों को आवास योजना का लाभ मिल रहा है।

### प्रधानमंत्री ने किया था वादा, हो रहा पूरा

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 के विधानसभा चुनाव में वादा किया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत करना हमारा पहला काम होगा। इसी दिशा में सरकार भी काम कर रही है। सर्वे के माध्यम से योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों को अब मकान मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी प्रदेश में पूरी हो रही है। डबल इंजन की सरकार से जनता खुशहाल है। उन्होंने ने कहा कि राज्य एवं केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार होने के कारण डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में केंद्र की योजनाओं का लाभ राज्य के लोगों तक पहुंचने में काफी समस्या हो रही थी। अब डबल इंजन की सरकार के चलते प्रदेश के अंतिम छोर के व्यक्ति तक एक एक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। विधायक सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद कई लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है। इन दिनों प्रदेश में सुशासन तिहार चल रहा है। 5 मई से तीसरे चरण में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं।

